भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
11.12.2024 के
अतारांकित प्रश्न सं. 2551 का उत्तर

मास्टर क्लॉक प्रणाली

2551. श्री बी. के. श्रीकंदन:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या रेलवे अपने नेटवर्क में अनुप्रयोगों और प्रणालियों के साथ समय को समन्वयित करने के लिए मास्टर क्लॉक प्रणाली विकसित कर रहा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या देश भर में रेल मंडल वर्तमान में विभिन्न स्रोतों से समय प्राप्त करने के लिए विभिन्न प्रणालियों का उपयोग करते हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या रेलवे बोर्ड ने मास्टर क्लॉक प्रणाली के लिए वास्तुकला को अंतिम रूप देने के लिए अनुसंधान अभिकल्प एवं मानक संगठन के साथ समन्वय करने के लिए एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया था और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या रेलवे के उक्त संगठन ने मास्टर क्लॉक प्रणाली और विभिन्न अनुप्रयोगों और प्रणालियों के बीच समन्वय के लिए एक प्रोटोटाइप का प्रदर्शन किया है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) क्या रेलवे जल्द ही सेक्शन नियंत्रकों के निर्देश पर स्टेशन मास्टरों द्वारा समय निर्धारित करने की पद्धति को समाप्त कर देगा और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ङ): सभी प्रणालियों में एकसमान समय समन्वयन के लिए विभिन्न एप्लिकेशनों/ प्रणालियों के समय समन्वयन की मौजूदा प्रणालियों का अध्ययन करने तथा भारतीय रेल के लिए मास्टर क्लॉक प्रणाली की संचरना को अंतिम रूप देने के लिए एक कार्य समूह का गठन किया गया है।

*****